हरिभूमि

# सरगुजा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

LATEST FASHION

•MENS •LADIES •KIDS

IZOD | FORCE IX | BLACKBERRYS
mufti | madame | JACK&JONES
CRIMSOUNE CLUB | ARISTU | Beatnik
RAISIN | RARE RABBIT | UNITED COLORS OF BENETTON
Levi's | PARK AVENUE | BIBA
INDIAN TERRAIN | MANTRA | indya
TWENTY DRESSES | GINI & JONY | Rangriti

SAREES

Lahngas & many more.....



निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

द फैशन मॉल

अम्बिकापुर अम्बेडकर चौक

Ph 07774 230041

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बास्केटबॉल यूथ चैंपियनशिप के लिए विक्की व श्रेया का चयन



**अंबिकापुर।** सरगुजा बास्केटबॉल संघ के खिलाडी विक्की भगत व कुमारी श्रेया दास का चयन छत्तीसगढ़ यूथ बास्केटबॉल टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय यूथ चैम्पियनशिप में शामिल होंगे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि 38वीं राष्ट्रीय यूथ चैम्पियनशिप बास्केटबॉल का आयोजन 9 से 15 अप्रैल तक तमिलनाडु के पांडिचेरी में किया गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम भी शामिल हो रही है। छत्तीसगढ़ यूथ बास्केटबॉल टीम में सरगुजा से बालक वर्ग में विक्की भगत व बालिका वर्ग में कुमारी श्रेया दास का चयन किया गया है। सरगुजा संभाग से बास्केटबॉल खेल में ओपेन चैम्पियनशिप में खिलाडियों का चयन होना एक बड़ी उपलब्धि है और दोनों बच्चे वर्षों से गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड में अभ्यास कर रहे है। उन्होंने बताया कि विक्की भगत गरीब परिवार से है। विक्की भगत सुबह अखबार बाटता है उसके बाद अभ्यास करता है। दिन के बाकी समय अपने पिता के साथ फल ठेले पर फल बेचता है उसके बाद फिर शाम को बास्केटबाल अभ्यास करता है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों को किया गया सम्मानित




**राजपुर।** शनिवार को डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा शामिल हुए व विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं और वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वार्षिक परीक्षा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को क्रमशः गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ब्रॉन्ज मेडल प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धनाथ पैकरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डीएवी स्कूल प्रबंधन अपनी उत्कृष्ट पढ़ाई के साथ-साथ उत्तम संस्कार के लिए भी जाना जाता है। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, राजपुर पतरातु ने लगातार अपने बेहतर प्रदर्शन से शिक्षा के उच्च मापदंडों को कायम करने में न सिर्फ सफलता हासिल किया है बल्कि अपनी शैक्षिक गुणवत्ता से मिल का पत्थर भी साबित हुआ है। प्राचार्य आशुतोष झा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों से परिचित करवाया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल दुबे, निमेष यादव, सतीश सिंह, प्रभात रंजन त्रिपाठी, पुष्कर अग्रवाल, अज्जू गुप्ता, नरेश अग्रवाल, अनिल तिवारी, संतोष पाण्डेय, विनय भगत आदि मौजूद थे।

### घर पर अकेली नाबालिग से जबरन दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** घर में अकेली नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। सीतापुर पुलिस के अनुसार नाबालिग की पहचान पत्थलगांव निवासी विशाल नटराज से हुई थी और दोनों के बीच बातचीत होती थी। 9 मार्च की दोपहर जब नाबालिग घर पर अकेली थी तो युवक जबरन घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म की घटना को घटना को अंजाम दिया। नाबालिग द्वारा 4 अप्रैल को घटना की शिकायत पुलिस से की गई जिसके बाद जांच उपरान्त पुलिस ने जशपुर जिले के पत्थलगांव अंतर्गत शिवपुर निवासी 20 वर्षीय विशाल नटराज को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 450, 376 एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में सउनि शशिप्रभा दास, आरक्षक पवन गुलेरी, धनकेश्वर यादव एवं सूरजबलि आदि सक्रिय रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को दिलाई गई शपथ



**दतिमा मोड़।** कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नन्दनी साहू के आदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देश व सहायक संचालक रविंद्र सिंहदेव के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य गोवर्धन सिंह के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बतरा के प्रांगण में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया। साथ ही सभी लोगों को लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की बात कही। इस दौरान अभिभावक, शिक्षक सहित अन्य लोगों को चुनाव में वोट देने का शपथ दिलाई गई। जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए मतदान के महत्व को संजीवनी बनाना है इसके माध्यम से सभी मतदाताओं को सक्रिय रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा हैं।

### सर्पदंश से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम बोगा निवासी राजकुमार आ. बुधराम पंडो (22 वर्ष) बुधवार की रात चचेरा भाई दिलेश्वर के साथ घर के जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहा था। इसी दौरान तड़के जहरीले सांप ने युवक हाथ में काट लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को रेवटी अस्पताल लेकर गए परंतु अस्पताल बंद होने पर परिजन उसे वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जिले की यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई

# समझाइश व कार्रवाई के बाद भी यातायात नियम को लेकर गंभीर नहीं वाहन चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 3 हजार 450 प्रकरणों में वसूले 20 लाख 4 हजार 750 रुपये शमन शुल्क

जिले की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने पुलिस द्वारा लगातार वाहन चालकों को समझाइश देने के अलावा कार्रवाई की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस व यातायात विभाग द्वारा पिछले एक माह से हर रोज यातायात नियम की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कई प्रकरण दर्ज कर चालानी कार्रवाई की जा रही है बावजूद इसके वाहन चालक यातायात नियम को दर किनार कर वाहन दौड़ाते है। पिछले माह ही यातायात विभाग एवं पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान विभिन्न 3 हजार 450 लोगों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर 20 लाख 4 हजार 750 रूपए समन शुल्क की राशि वसूल की है। इसके बाद भी बाइक व अन्य वाहन चालक यातायात नियम तोड़ने से बाज नहीं आ रहे है।

शहर का दायरा बढ़ने का सीधा असर यातायात पर पड़ा है। यातायात पर दबाव बढ़ जाने से दोपहिया से लेकर चार पहिया चालक यातायात नियम को दर किनार कर शहर की सड़को पर वाहन दौड़ाते है। ऐसे में आए दिन दुर्घटनाएं होती है। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान पथ सुरक्षा - जीवन रक्षा अभियान के तहत जिले के लोगों को विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। इस बीच अभियान अंतर्गत स्कूली बच्चों में जागरूकता, हेलमेट रैली, यातायात जागरूकता मैराथन, ऑटो, बस, ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों के चालको परिचालको के आँखो की जांच, लेर्निंग लाइसेंस हेतु शिविर लगाया गया। 15 जनवरी से 15 फ़रवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिले मे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं शिविर आयोजित किए गए और लोगों को यातायाता नियम का पालन करने कहा गया। सड़क सुरक्षा माह के समाप्त होने तथा लोगों को समझाइश के बाद विशेष अभियान चलाकर यातायात नियम का पालन नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की। शहर को 2 सेक्टरों मे विभाजित कर 10 पॉइंट में पुलिस अधिकारियों,कर्मचारियों की टीम तैनात की गई। पुलिस टीम चौपाटी, पंजाब गार्डन, साईं मंदिर तिराहा, बंगाली चौक, गांधी चौक, बिलासपुर चौक, भारत माता चौक, सदभावना चौक, देव होटल तिराहा, बस स्टैंड चौक पर पुलिस टीम शाम 6.30 बजे तैनात की गई जो देर रात तक सभी पॉइंट पर एक साथ सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। पिछले मार्च माह में यातायात विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 3 हजार 450 लोगों के विरुद्ध विभिन्न प्रकरण दर्ज कर कुल 20 लाख 4 हजार 750 रूपए समन शुल्क की वसूली की गई। पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर कार्रवाई लगातार जारी है। इसके बाद भी कई लोग यातायात नियम को दरकिनार कर वाहन दौड़ाते है। पुलिस अधिकारियों का कहना है जो भी यातायात नियम का उल्लंघन करेंगे उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



कोर्रवाई करते यातायातकर्मी।

### इन वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने विशेष अभियान चलाई जा रही है। यातायात नियम को तोड़ने वाले वाहन चालकों पर समझाइश के साथ कार्रवाई की जा रही है। यातायात विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने पिछले एक माह के भीतर ही यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की है। मार्च माह में एमव्ही एक्ट के तहत कुल 3 हजार 450 प्रकरणों में 20 लाख 4 हजार 750/ रुपये समन शुल्क वसूल की गई। तीन सवारी वाहन चालक पर कुल 616 प्रकरणों में 3 लाख 8 हजार रुपये, मोबाईल फोन का उपयोग कर वाहन चालक पर कुल 1 हजार 105 प्रकरणों में 3 लाख 31 हजार 5 सौ रुपये, रेड सिग्नल जम्प, खतरनाक तरीके से वाहन चालक पर कुल 288 प्रकरणों में 86 हजार 4 सौ रुपये, अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर कुल 76 प्रकरणों में 38 हजार 850 रुपये, ब्लैक फिल्म वाहन चालक पर कुल 26 प्रकरणों में 52 हजार रुपये, बिना हेलमेट वाहन चलाने पर कुल 39 प्रकरणों में 19 हजार 5 सौ रुपये,बिना सीट बेल्ट के वाहन चालक पर कुल 80 प्रकरणों में 40 हजार रुपये, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कुल 3 प्रकरणों में 31 हजार रुपये के अलावा अन्य धाराओं के तहत कुल 1 हजार 126 प्रकरणों में 9 लाख 14 हजार 5 सौ रूपये का समन शुल्क वसूला गया है।



अवैध निर्माण को ध्वत करता जेसीबी।

## शासकीय जमीन पर बन रहे शौचालय व अहाता के अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जनपद के ग्राम पंचायत कुंजनगर के रेलवे स्टेशन समीप मालधक्का मोहल्ले में शासकीय भूमि खसरा नंबर 149 रकबा 0.01 में निजी व्यक्ति द्वारा कराए जा रहे अहाता व शौचालय निर्माण को राजस्व अमले ने जेसीबी से जमींदोज करा दिया है।पिलखा उपतहसील के नायब तहसीलदार आरबी मानिकपुरी ने बताया कि पंचायत द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कराये जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसे उन्होंने स्वयं मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणकारी प्रकाश कुमार को निर्माण रोकने को कहा था, लेकिन उक्त निर्देश की अवहेलना करते हुए अतिक्रमणकारी ने अवैध निर्माण जारी रखा था।इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन के माध्यम से मौके पर बनाए जा रहे बाथरूम व बाउंड्रीवॉल को तुड़वाते हुए जमीन को कब्जामुक्त कराया है। पिलखा नायब तहसीलदार ने बताया कि कब्जा हटाने हेतु अतिक्रमणकारी को तीन दिनों की मोहलत दी गई थी, यहां पर स्वयं कब्जा नहीं हटाने की स्थिति पर उपतहसील में विधिवत प्रकरण चलाते हुए मामले का निराकरण कर दिया गया है।इस दौरान नायब तहसीलदार आर बी मानिकपुरी व उनकी टीम सहित पंचायत सरपंच व सचिव मौके पर उपस्थित थे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर संकल्प भवन में किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा का ध्वज फहराया तथा भाजपा के पितृ पुरूष पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनितक पार्टी है। इस गौरव में असंख्य कार्यकर्ताओं का परिश्रम, समर्पण व बलिदान शामिल है। आज देश में हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार है तथा लोकसभा चुनाव के बाद भी भाजपा की सरकार बनेगी इसमें कोई संदेह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। आने वाले समय में भारत विश्व गुरू बनेगा यह हमारा दृढ़ संकल्प है। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, अम्बिकेश केशरी, राजकुमार बंसल, फुलेश्वरी सिंह, मंजूषा भगत, मधु चौदहा, विकास पाण्डेय, मधुसुदन शुक्ला, आलोक दुबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शिवनंदनपुर मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस



**बिश्रामपुर।** भाजपा शिवनंदनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर में मंडल मुख्यालय बिंझिया सामुदायिक भवन के सामने पार्टी का 44 वां स्थापना दिवस झंडा फहराकर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय गोयल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान पार्टी के शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल प्रभारी दीपेंद्र सिंह चौहान, कृष्ण कुमार गोयल, भागवत प्रजापति,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष फुलबसिया राजवाड़े, हरीश राजवाड़े, देवेंद्र सोनवानी, कृष्णपाल बिंझिया, देवशरण बिंझिया, बूथ अध्यक्ष विरेंद्र कुमार, बंटेश्वर सारथी, नोहर साय व अन्य उपस्थित थे।

### स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों को किया फल वितरण



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य लाभ के लिए भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मंडल कार्यालय प्रतापपुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित किया। मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी, अजीत शरण सिंह, शिवचरण बापू द्वारा पार्टी के गठन तत्कालीन परिस्थितियों एवं पार्टी के संस्थापक सदस्यों द्वारा किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज के लिए भर्ती मरीजों को फल वितरित किया इस दौरान अवधेश पाण्डेय, विनोद श्रेष्ठ, अरविंद जायसवाल, अंकुर जायसवाल, आनंद शुक्ला, अजय जायसवाल, विजेंद्र कश्यप, आकाश मित्तल एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## गांजा तस्करों व खरीददार समेत तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत गांजा तस्करी के मामले में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 30 हजार रुपए का 2.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। कमलेश्वरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसआई अशोक शर्मा को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि बसंत लहरे व पिताम्बर लहेर कापू की ओर से गांजा क्रय कर बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 8695 से मैनपाठ आ रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा मैनपाट-कापू रोड़ स्थित चेक पोस्ट पर घेराबंदी कर युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। युवकों की पहचान रायगढ़ कापू अंतर्गत कुम्हींचुआं निवासी 24 वर्षीय बसंत लहरे व 26 वर्षीय पिताम्बर लहरे के रूप में की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.700 किग्रा गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपए है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गांजा उडिसा से लाकर सीतापुर बंदना निवासी गणेश यादव को बिक्री के लिए ले जाने की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी बंदना निवासी 32 वर्षीय गणेश यादव को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से सउनि सहदेव वर्मन, आरक्षक देवदत्त सिंह, मदन साय पैंकरा, परवेज फिरदौसी आदि सक्रिय रहे।

## हेल्थ प्लस


### एआईसीडी की प्रक्रिया से जेजे हॉस्पिटल में दिया गया नया जीवन



**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग में पहली बार जीवन ज्योति हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ ने परसापानी, सिवरी निवासी 69 वर्षीय प्रयाग प्रसाद गुप्ता को एआईसीडी की प्रक्रिया द्वारा नया जीवन दिया है। इसे हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.चेतन चतुर्वेदी और कैथ लैब टीम ने सफल बनाया। एआईसीडी इंसर्शन एक छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रत्यारोपण है, जिसे आमतौर पर हृदय की असामान्य धड़कन की समस्याओं को ठीक करने के लिए छाती में कॉलरबोन के ठीक नीचे रखा जाता है। काफी समय से प्रयाग प्रसाद गुप्ता परेशान थे। उनके दिल की पंपिंग क्षमता मात्र 15 प्रतिशत थी। उन्हें रायपुर के डॉक्टर को दिखाया गया था जहां एआईसीडी का सुझाव दिया गया था। साथियों की सलाह पर उन्होंने जीवन ज्योति हॉस्पिटल में इलाज करवाने का निर्णय लिया। अस्पताल में सबसे उन्नत मशीन लगाई गई है और हृदय रोग विशेषज्ञ 24 घंटे अस्पताल में उपलब्ध है। अस्पताल का प्रयास ऐसी सफल प्रक्रियाओं के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को लाभ पहुंचाना है।


































6 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 4/6/2024 9:39 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 7 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 ईंट भट्ठों से 150 टन कोयला, 3 लाख ईंट जब्त



## खबर संक्षेप

### सरगुजा पुलिस ने भी साइबर ठगों को लेकर जारी की चेतावनी

**अंबिकापुर।** पुलिस ने बताया है कि साइबर ठगी का नया तरीका अपनाते हुए ठग अब छात्र-छात्राओं 5 से 6 हजार रुपए की मांग कर रहे है। ठग इतना शातिर है कि अब खुद को बोर्ड परीक्षा का अधिकारी बताकर मोबाइल नंबर या खातों के नंबर देकर पैसे भेजने पर पास करने बात कर रहे है। पुलिस ने छात्र छात्राओं से कहा है कि वे ऐसे प्रलोभन से सावधान रहे और इस प्रकार के फोन आने पर पुलिस से सम्पर्क करें।



रमज़ान मुबारक

अट्ठाईसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.20 बजे

कल की सेहरी - 4.18 बजे

### महाराष्ट्र से गिरोह गिरफ्तार, अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर बनाया शिकार

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 7.35 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फर्जी एप के जरिए ऑनलाइन ट्रेडिंग कराने और मोटी कमाई का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर में छापामार कार्रवाई कर तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शहर के युवक को मुनाफा कमाने का झांसा देकर 7.35 लाख रुपए की ठगी की थी। आज इस मामले का खुलासा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने कोतवाली थाने में पत्रकारों से चर्चा के दौरान किया। पुलिस के अनुसार शहर के गुरुद्वारा वार्ड निवासी 45 वर्षीय गुरभेज सिंह छाबड़ा आ. रघुवीर छाबड़ा ऑनलाइन ट्रेडिंग करते है। युवक 15 मार्च 2023 को इंस्टाग्राम के जरिए एक ट्रेडिंग ग्रुप गोल्डन सच्स एक्वॉलिटी एसेस्ट मैनेजमेण्ट ग्रुप 356 में ज्वाईन किया गया था। इस ग्रुप को ज्वाइन करने पर आरोपियों ने गुरभेज छाबड़ा को मोटी कमाई का प्रलोभन देकर फर्जी ट्रेडिंग एप की जानकारी दी गई और अपने झांसे में लेकर जीएसआईएन ट्रेडिंग फर्जी एप डाउनलोड कराया गया था। पहले तो ट्रेडिंग में लाभ होने का झांसा देकर युवक से 7 लाख 35 हजार रुपए जमा कराया गया था। अपने झांसे में लेने के लिए आरोपियों ने 10 से 23 जनवरी 2024 तक प्रलोभन के नाम पर 10 हजार 49 रुपए आहरित करने दिया लेकिन उसके बाद गुरभेज सिंह छाबड़ा ने 7 फरवरी से 17 फरवरी के बीच राशि आहरित करने का प्रयास किया तो पैसे आहरित नहीं हुए और ना ही फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफार्म द्वारा राशि आहरित करने की अनुमति दी गई। वहीं 15 फरवरी को युवक को कंपनी के वाट्सएप ग्रुप से भी पृथक कर दिया गया जिसके बाद युवक को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। ठगी के शिकार युवक ने पुलिस से शिकायत 19 फरवरी को की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही थी। एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीओपी साइबर अमित पटेल के नेतृत्व में जांच के दौरान पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में महाराष्ट्र नागपुर के 25 वर्षीय स्वप्निल चिचगिरे, 25 वर्षीय राहुल सरोज, 33 वर्षीय प्रचीत कुमार येंडे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस आरोपियों को धारा 420, 66(डी) आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही कब्जे से 9 नग मोबाईल, 4 नग चेकबुक और 1 नग एटीएम कार्ड जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सायबर सेल से निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, प्रधान सुधीर सिंह, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, आरक्षक दीनदयाल सिंह, शिव राजवाडे.आदि सक्रिय रहे।

**खास बात**

- फर्जी एप डाउनलोड कराकर की गई ठगी



मामले का खुलासा करते एएसपी।

# एसजीजीयू के सामने खड़ी स्कार्पियों से उठाईगिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय के सामने खड़ी स्कार्पियों वाहन का शीशा तोड़कर बदमाशों ने उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी वाहन के अंदर बैग में रखे 15 हजार रुपए नगद, अन्य दस्तावेज लेकर फरार हो गए। युवक पत्नी की सोनोग्राफी कराने के लिए आया हुआ था और निजी क्लिनिक में जांच के लिए गया हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव सलका चंदरपुर निवासी सुभाष चंद्र कुशवाहा पत्नी का रूटीन चेकअप कराने के लिए अम्बिकापुर आया हुआ था। अपस्ताल में डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने की सलाह दी गई इस लिए युवक पत्नी को लेकर दर्रीपारा स्थित सोनोग्राफी सेंटर पहुंचा था। इस दौरान युवक ने अपनी स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 एई 2555 को संत गहिरा गुरु विश्व विद्यालय परिसर के बाहर खड़ी किया था। क्लिनिक में जांच कराने के बाद जब युवक वापस लौटा तो उसके वाहन का शीशा टूटा हुआ था और अंदर रखा बैग गायब था। युवक द्वारा तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। युवक के अनुसार बैग में 15 हजार रुपए व कुछ दस्तावेज थे। फिलहाल युवक की शिकायत के बाद पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।

- शीशा तोड़कर ले भागे बैग, पत्नी की सोनोग्राफी के लिए आया था युवक



# नाबालिग को भगा ले गया युवक, पति पत्नी बनकर दुकानों में कर रहे थे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक व नाबालिग पति पत्नी की तरह रहकर दुकान में काम कर रहे थे। इस दौरान नाबालिग ने एक बच्चे को भी जन्म दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 सितंबर 2023 की रात थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। पुत्री की खोजबीन के बाद 23 सितंबर को परिजन द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी और पुत्री को बलहा फुसलाकर भगा ले जाने की शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस नाबालिग की तलाश की जा रही थी लेकिन पुलिस को दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इस बीच पुलिस ने 5 अप्रैल को नाबालिग को आरोपी प्रियांशु के कब्जे से बरामद करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने जब नाबालिग व आरोपी से पूछताछ की तो पता चला कि नाबालिग और युवक की एक दूसरे से पहचान थी और बात चीत होती थी। इस दौरान युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर कईबार दुष्कर्म किया और सितम्बर माह में अपने साथ भागकर ले गया। इसके बाद दोनों पति पत्नी के रूप में रहकर दुकानों में काम कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। इस दौरान नाबालिग ने एक पुत्र को भी जन्म दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी प्रियांशु कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रंभा साहू, आरक्षक शिवमंगल सिंह, महिला आरक्षक शांति लकड़ा आदि सक्रिय रहे।

- दिया पुत्र को जन्म, अब पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जुआ खेलते पकड़ाए आठ युवक, 50 हजार जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने सार्वजनिक रूप से जुआ खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही 50 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस के अनुसार रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सत्तीपारा स्थित बेचन कालोनी में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले में कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस ने युवकों के पास से 50 हजार रुपए नगद, 52 नग ताशपत्ती, आठ नग मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने मामले में संतोष अग्रवाल उम्र 47 वर्ष, गगन अग्रवाल उम्र 36 वर्ष, अशोक अग्रवाल उम्र 48 वर्ष, अब्दुल रहमान उम्र 52 वर्ष, मनोज अग्रवाल उम्र 43 वर्ष, विजय अग्रवाल उम्र 41 वर्ष, जितेन्द्र सोनकर उम्र 38 वर्ष एवं अन्य के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक सुनिता भारद्वाज, प्रधान आरक्षक विजय रवि, अमित प्रताप सिंह, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, रमन मण्डल एवं आरक्षक उपेन्द्र आदि सक्रिय रहे।




6 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/6/2024 9:35 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### हिंदू नववर्ष पर भव्य शोभायात्रा को लेकर हुई बैठक

**ओड़गी।** हिंदू नववर्ष पर भोड़िया बाबा धाम से कुदरगढ़ तक भव्य शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सर्व हिन्दू समाज ने ओड़गी भोड़िया बाबा के चरण स्थल मंच में बैठक आयोजित की। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओड़गी भोड़िया प्रांगण से कुदरगढ़ तक भव्य शोभायात्रा की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि भोड़िया बाबा धाम प्रांगण में एकत्रित होकर दोपहर 12 बजे से भव्य शोभायात्रा बाइक रैली निकालते हुए गाजे- बाजे के साथ कुदरगढ़ धाम तक जाएंगे जहां यात्रा का समापन होगा। सभी हिंदू समाज के लोगो को हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शोभायात्रा में भारी संख्या में हर्षोल्लास से भाग लेने कहा गया। बैठक के दौरान हर्षित गुर्जर, राजेश तिवारी, मोहनराम रजवाड़े, रोहन देवांगन, संतोष सिंह, लवकेश गुर्जर, चंद्रभान रजवाड़े, विभीषण यादव, आशीष प्रताप, विजय गुर्जर सिंह, गौरी सिंह, मनीष प्रताप सिंह,कन्हैया सोनी, पवन सिंह, सुजान गुर्जर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### अग्रवाल महिला मंडल द्वारा बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



**विश्रामपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जयनगर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत सरकारी स्कूल में चलाए जा रहे न्योता भोजन कार्यक्रम में शनिवार को अग्रवाल समाज की महिला मंडल बिश्रामपुर द्वारा बच्चों को न्योता भोजन परोसा गया। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पौष्टिक मूल्य में वृद्धि के साथ-साथ समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करना है। सामुदायिक भागीदारी के जरिए बच्चों को ज्यादा पोषक और रुचिकर भोजन प्रदान करने की बात सरकार द्वारा की गई है। इसके तहत शनिवार को अग्रवाल समाज की महिला मंडल विश्रामपुर द्वारा नमकीन व मीठा परोसा गया। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष रीता गोयल एवं उनके मंडल के अन्य सदस्य उपस्थित होकर बच्चों को न्योता भोजन कराया। कार्यक्रम में शाला की प्रधान पाठिका ममता मंडल, अन्य शिक्षक मारियम एंजेला बेक, सोमा घोष, आशीष पांडेय, विवेक चंद्रवंशी एवं शाला के अन्य स्टाफ मौजूद थे।

### न्योता भोज में शामिल हुए आंगनबाड़ी व स्कूल के बच्चे



**प्रतापपुर।** प्राथमिक शाला डूमरखोली में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला डूमरखोली के प्रधान पाठक संजय कुमार चतुर्वेदी के पुत्र सौरभ चतुर्वेदी के जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल व आंगनबाड़ी के छात्र छात्राएं, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता, सहायिका, प्राथमिक शाला के शिक्षक इसाक राम स्कूली बच्चों के अभिभावक सहित प्रधान पाठक गिरजा शंकर पांडे, शिक्षक, उज्जैन यादव, शैलेश जायसवाल सहित गांव अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने समीक्षा बैठक के पश्चात किया स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण

**प्रतापपुर।** कलेक्टर के दिशा निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रमकोला में एसडीएम ललिता भगत ने समीक्षा बैठक सहित स्वास्थ्य विभाग का निरीक्षण किया। समय सीमा पर संपूर्ण शासन के निर्देशों का पालन एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ तहसीलदार पुष्पराज द्वारा बैठक लेते हुए अपने निर्धारित समय पर कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य सुविधा मिल सके तथा स्वास्थ्य विभाग में कसावट लाने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड, शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व सुरक्षा, एनीमिया मुक्त भारत सिकल सेल, स्क्रीनिंग, टीवी स्क्रीनिंग, टीकाकरण इत्यादि कई विषयों पर गंभीरता से चर्चा करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## छुरी सर्किट बंद होने से 1 घंटे तक ठप रही जिले भर की बिजली

# दूसरे दिन भी नहीं सुधरी विद्युत व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पावर जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी गड़बड़ी का निराकरण नहीं होने से अभी भी बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। पावर जेनरेशन कंपनी द्वारा उपलब्ध बिजली से शहरी क्षेत्रों की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी रोटेशन पर बिजली उपलब्ध कराई जा रह है। विद्युत आपूर्ति कब तक सुचारू हो पाएगी इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। कोरबा ईस्ट की दो विद्युत उत्पादन इकाइयों में तकनीकी खराबी आने के कारण शुक्रवार को उत्पादन ठप हो गया था जिससे शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग की आपूर्ति बंद हो गई थी। काफी प्रयासों के बाद शाम 3 बजे शहर के विभिन्न वार्डों में रोटेशन पर विद्युत आपूर्ति शुरू की गई। रात 9 बजे विद्युत की उपलब्धता बढ़ने पर शहर की आपूर्ति सुचारू की गई।

जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी खराबी को 24 घंटे से अधिक समय गुजरने के बावजूद अभी तक दुरूस्त करने में सफलता नहीं मिल पाई है। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तहत बिजली की जरूरतें पूरी की जा रही हैं। आवश्यकता के अनुरूप बिजली उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी ब्लैक आउट की स्थिति है विभाग जैसे-तैसे रोटेशन पर थोड़ी-थोड़ी देर बिजली उपलब्ध करा रहा है ताकि ग्रामीण पानी भरने सहित अन्य आवश्यक कार्य पूरा कर सकें। भीषण गर्मी में लगातार दो दिनों तक बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण लोगों में कोहराम मच गया है। शुक्रवार को बिजली बंद होने का कारण जानने लोग फ्यूज कॉल सेंटर से लेकर अधिकारियों तक लगातार फोन लगाते रहे। यह सिलसिला शनिवार को भी चलता रहा।

**खास बातें**

- एकमात्र बांगों सर्किट से हो रही आपूर्ति
- ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी रोटेशन पर आपूर्ति



### दोपहर में फिर बंद हुई आपूर्ति

पावर जेनरेशन प्लांट में आई तकनीकी खराबी का निराकरण नहीं होने के कारण अभी भी विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हुई है। शनिवार को दोपहर 12.40 बजे अचानक शहर की विद्युत आपूर्ति फिर से ठप हो गई विद्युत अधिकारियों ने तत्काल मोर्चा संभाल लिया। पावर स्टेशन के उपकरणों की जांच में फिर कोरबा से विद्युत आपूर्ति ठप होने की जानकारी मिली। पावर जेनरेशन कंपनी के अधिकारियों से चर्चा करने पर जानकारी मिली कि छुरी स्थित विद्युत सब स्टेशन में आई तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बंद हो गई है। फिर बांगों सर्किट से आपूर्ति शुरू की गई तो एक घंटे बाद शहर की विद्युत व्यवस्था सुचारू हुई। अधिकारियों ने बताया कि सरगुजा की बिजली आपूर्ति बांगों एवं छुरी सब स्टेशन के माध्यम से होती है। तकनीकी खराबी आने के कारण छुरी सर्किट की आपूर्ति दोपहर 12 बजे से बंद है। अब एकमात्र बांगों सर्किट से आपूर्ति की जा रही है।

#### जरूरत 300 मेगावाट की आपूर्ति 180 मेगावाट

कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि शहर संभाग को प्रतिदिन 220 मेगावाट बिजली की जरूरत पड़ती है। इसी तरह ग्रामीण विद्युत संभाग को हर दिन 70 मेगावाट बिजली की जरूरत पड़ती है पावर जेनरेशन प्लांट में तकनीकी खराबी आने के बाद शहर संभाग के लिए 150 मेगावाट तथा ग्रामीण संभाग के लिए मात्र 30 मेगावाट बिजली उपलब्ध हो रही है। कम बिजली उपलब्ध होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार से ही प्रभावित है। ग्रामीण विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता रोशन नामदेव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के सब स्टेशनों को बारी-बारी से चालू किया जा रहा है ताकि आवश्यक कार्यों पर प्रभाव न पड़े। विकासखण्ड मुख्यालयों की आपूर्ति सुचारू रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### घनघना रही फोन की घंटियां

विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के बाद लगातार घनघना रही फोन की घंटियों से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी परेशान हैं। फ्यूज कॉल सेंटर हो या विद्युत सब स्टेशन या फिर अधिकारी-कर्मचारी सभी शुक्रवार की दोपहर से लगातार बज रहे फोन व मोबाइल की घंटियों से परेशान हैं। शुक्रवार को लगातार जवाब देने के बाद परेशान कर्मचारियों ने अब फोन उठाना भी बंद कर दिया है। भीषण गर्मी में कूलर व एसी नहीं चलने के कारण लोग भी हलाकाम हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग गर्मी से बेहाल है। यही हाल बलरामपुर, सूरजपुर सहित संभाग के अन्य जिलों का है।



## ईंट भट्ठों से 150 टन कोयला, 3 लाख ईंट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस व खनिज विभाग की टीम ने शहर से लगे क्षेत्रों में संचालित ईंट भट्ठों में दबिश दी है। संयुक्त टीम ने ईंट भट्ठों से 150 टन अवैध कोयला बरामद करने के साथ ही नोटिस जारी किया है। वहीं टीम ने मौके से 3 लाख से अधिक ईंट को जब्त किया गया है। टीम द्वारा एक ईंट भट्ठा संचालक के विरुद्ध अवैध उत्खनन के विरुद्ध भी कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि शहर से लगे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर ईंट भट्ठा संचालित है। इन ईंट भट्ठों में आस पास के कोयला खदानों से लाकर अवैध रूप से कोयला खपाया जा रहा है और अवैध कोयले से ईंट बनाने का काम किया जा रहा है। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर गांधीनगर पुलिस व खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम सुखरी, सोनपुर, सोनपुर खुर्द, रनपुरकला, बांकीपुर स्थित आठ ईंट भट्ठा में दबिश दी गई। इस दौरान संचालकों द्वारा अवैध कोयले से ईंट पकाने का काम किया जा रहा था और जब उनसे भंडारित कोयले के दस्तावेज की मांग की गई तो वे दस्तावेज पेश नहीं कर पाए। टीम द्वारा अरूण गोयल, प्रहलाद गोयल, अम्बर सिद्दीकी, अजीम खान, किरण गोयल सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। कुछ लोगों ने बटवाही, कुसमुंडा सहित अन्य स्थानों को रॉयल्टी पर्ची दिखाई लेकिन अधिकारी उनसे संतुष्ट नहीं हुए। ऐसे में ईंट भट्ठों में भंडारित 150 टन कोयले के दस्तावेज पेश करने संचालकों को नोटिस जारी किया गया। मौके पर पाया गया कि सीपी शुक्ला द्वारा बिना अनुमति के नियम विरुद्ध तरीके से अवैध उत्खनन कर ईंट बनाने का काम किया जा रहा था ऐसे में खनिज विभाग द्वारा सीपी शुक्ला के खिलाफ अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कार्रवाई के दौरान टीम ने 3 लाख से अधिक पके हुए ईंट को जब्त किया गया है। खनिज निरीक्षक ने बतया कि सभी इंर्ट भट्ठों को कोयला भंडारण के संबंध में आवश्यक दस्तावेज संधारित करने, भट्ठा क्षेत्र में नोटिस बोर्ड लगाने और आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्देश दिये गए हैं।

- खनिज व पुलिस विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई, अवैध उत्खनन का मामला दर्ज

## ब्लास्ट के बाद सड़क पर गिरे पत्थर के ढेर, बाल-बाल बचा युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्रेशर खदान में नियमों को ताक में रखकर की जा रही ब्लास्टिंग लोगों की जान के लिए खतरा बन गई है। शुक्रवार को भी क्रेसर खदान में की गई ब्लास्टिंग के बाद बड़े बड़े पत्थर सड़क पर आकर गिरे। इस दौरान लोग आसमान से गिरते पत्थरों से बाल बाल बच गए। इस घटना को लेकर युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई है और मामले में दोषी क्रेशर संचालक पर कार्रवाई की मांग की गई है। बता दें कि क्षेत्र में कई क्रेशर प्लांट संचालित है। क्रेशर प्लांट में गिट्टी निकालने के लिए ब्लास्टिंग की जाती है लेकिन इस दौरान प्लांट संचालक सुरक्षा मानकों का पालन किए बिना मनमाने ढंग से ब्लास्टिंग कर रहे है। लोगों को ब्लास्टिंग की सूचना नहीं दी जा रही है।

इतना ही नहीं ब्लास्टिंग में अधिक मात्रा में बारूद का उपयोग किया जा रहा है और इसी का परिणाम है कि गिट्टी दूर तक आकर सड़कों पर गिर रहे है। ऐसे ही एक हादसे में सड़क पर चल रहे लोग दुर्घटना का शिकार होने से बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि ग्राम बरियों निवासी विकास अग्रवाल दोपहर दो बजे भिलाई स्थित पेट्रोल पम्प गए हुए थे और बाइक में पेट्रोल डलवाकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान अचानक आसमान से पत्थर के बड़े बड़े टुकड़े सड़क पर आकर गिरने लगे। गनीमत रही कि बाइक सवार विकास अग्रवाल के साथ ही सड़क पर चल रहे अन्य लोग बाल बाल बच गए लेकिन इस घटना के बाद लोग दहशत में आ गए। यदि पत्थर युवक पर गिरता तो उनकी मौत निश्चित थी। ऐसे में उन्होंने इस मामले की शिकायत बरियों चौकी में करने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

- थाने में शिकायत, क्रेशर संचालक नहीं कर रहे नियमों का पालन

### घोघरा नहर में मिला ग्रामीण का शव

**बतौली/सेदम।** घोघरा नहर में अज्ञात ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। मृतक का शिनाख्त नहीं होने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। इधर पुलिस आसपास के गांव के लोगों से शव का शिनाख्त कराने में जुट गई है। बताया जा रहा कि आज ग्राम घोघरा कोरवापारा के कुछ लोग मछली पकड़ने के लिए बांध के गेट को बंद किए थे। गेट बंद होने जाने से नहर में पानी सप्लाई बंद हो गया। पानी सूख जाने पर जब गांव के लोग मछली पकड़ रहे थे तभी दुर्गंध आने पर गेट के समीप गए तो देखा नहर में अज्ञात ग्रामीण का शव सडी गली हालत में फंसा हुआ है। जिसकी उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। मृतक का पहचान नहीं सका। गांव के सरपंच ने नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



## विक्षोभ के प्रभाव से बढ़ी बादलों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी भविष्य में बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने एवं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार पछुआ विक्षोभ तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा मध्य भारत में इसके रविवार को पहुंचने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं तेज हवा चलने एवं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ का प्रभाव बिलासपुर जिले में अधिक पड़ने की संभावना जता रहे हैं। विक्षोभ के प्रभाव से दिन के तापमान में गिरावट होने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद तापमान में वृद्धि होने के साथ भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इधर गुरूवार को भीषण गर्मी पड़ने के बाद शुक्रवार को कुछ राहत के बाद शनिवार को भीषण गर्मी पड़ी। गुरूवार को चिलचिलाती धूप निकलने के कारण भीषण गर्मी पड़ी थी दिन का तापमान 28.9 डिग्री पर पहुंच गया था। शुक्रवार को गर्मी से कुछ राहत रही तथा दिन का तापमान गिरकर 37.4 डिग्री पहुंच गया था। शनिवार को पूरे दिन पश्चिम की हवा चली जिससे गर्मी बढ़ने के साथ ही अधिकतम तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से 2-3 दिन तक गर्मी में कमी आने तथा विक्षोभ कमजोर होने के बाद भीषण गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- तेज हवा के साथ बौछारें गिरने की संभावना



## हाथियों ने अज्ञात व्यक्ति को मारा जंगल में मिला सड़ा-गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक ग्रामीण की सूचना पर वन अमले ने जलपरी झरने के पास एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव बरामद किया है। व्यक्ति को 2-3 दिन पूर्व हाथियों द्वारा कुचलने की संभावना जताई जा रही है। वन परिक्षेत्र मैनपाट के परपटिया जंगल में शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला है। जंगल में लकड़ी लेने पहुंचे ग्रामीण ने शव देखा तो वनकर्मियो को सूचना दी। पास में हाथियों के पांव के निशान एवं मृतक का चप्पल, गमछा व त्रिशुल मिलने व शव के कुचला होने के कारण व्यक्ति की मौत हाथियों के हमले में होने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को वनकर्मियों ने जलपरी झरने पास अकेले घूमते देखा तो 2 अप्रैल को उसे मछली पाइंट के पास लाकर छोड़ दिया था। अनुमान लगाया जा रहा है व्यक्ति वापस जंगल में गया होगा जंहा उसका सामना हाथियों से हुआ होगा। मृतक की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसे पास में ही दफना दिया गया है।

## एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर ठगी का आरोपी निजी चिकित्सक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** कृष्ण मोहन मेडिकल कॉलेज मथुरा उत्तर प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम वर्ष 2019 में छात्रा के एडमिशन कराने हेतु लाखों रुपए लेने वाले एक आरोपी निजी चिकित्सक को पुलिस ने वृंदावन यू पी से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी शेषनारायण शर्मा पिता स्व. रेवती रमण शर्मा 56 वर्ष निवासी कृष्णपुर थाना सूरजपुर ने 6 अक्टूबर 2023 को थाना जयनगर मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपनी पुत्री का दाखिला एमबीबीएस पाठ्यक्रम वर्ष 2019 हेतु कृष्ण मोहन मेडिकल कॉलेज मथुरा उप्र में कराना चाहता था। इसी दौरान एक डॉक्टर यशवत सिंह व उसका 1 अन्य साथी प्रार्थी की पुत्री के एडमिशन के नाम पर धोखाधड़ी कर 2 किस्तों में 5 लाख रूपए नगद लिए तथा कॉलेज प्रबंधन के नाम पर बैंक डीडी के माध्यम से साढ़े आठ लाख रुपए लिए थे, इस मामले में बैंक डीडी का 8.5 लाख रूपए कालेज द्वारा वापस कर दिया गया किन्तु डॉक्टर यशंवत सिंह व उसके 1 अन्य साथी द्वारा नगद लिए गए 5 लाख रुपए को वापस नहीं किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने डॉ. यशवंत सिंह व अन्य 1 के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की। मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों के बारे में लगातार नई तकनीक के माध्यम से जानकारी पता की जा रही थी। इसी दौरान विवेचना में आरोपी यशंवत सिंह के वृन्दावन जिला मथुरा, उत्तरप्रदेश में होने की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे के दिशा निर्देश पर जयनगर थाना से टीम गठित कर आरोपी के गिरफ्तारी हेतु वृन्दावन भेजा गया था। टीम द्वारा आरोपी निजी चिकित्सक यशंवत को वृन्दावन थाना जैत जिला मथुरा से गिरफ्तार करके यहां लाकर आरोपी को धारा 420, 34 के तहत कार्यवाही करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि 5 लाख रूपए को अपने 1 अन्य साथी से आपस में बांट लिए थे, जिसे निजी उपयोग में खर्च कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सलामे, उप निरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण राठौर, आरक्षक दिनेश ठाकुर, सैनिक अली अकबर सक्रिय रहे।

- सूरजपुर निवासी व्यक्ति से डॉक्टरी कोर्स कराने के एवज में चिकित्सक ने ठगे थे पांच लाख रूपये






### अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** सन्ना निवासी सविता आ. देव कुमार (17 वर्ष) 1 अप्रैल को घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन युवती को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां शुक्रवार की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना में कांसाबेल अंतर्गत ग्राम मरीयमटोली निवासी अकलेश टोप्पो आ. जेरोम टोप्पो (34 वर्ष) गुरुवार को परिजन उसे गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह शराब पीने का आदि था। इसी प्रकार एक अन्य घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम जाम दोहर निवासी परमेश्वर एक्का आ. गेदवा एक्का (37 वर्ष) गत दिन अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।







